भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1927
उत्तर देने की तारीख : 11.12.2025

उन्नत ई-एसडीपी का कार्यान्वयन

1927. श्री मलैयारासन डी. :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में, विशेषकर तमिलनाडु और कल्लाकुरिची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्रों, संचालित कार्यक्रमों, प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं और लाभान्वित उद्यमियों की संख्या सहित उन्नत उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ई-एसडीपी) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) कार्यक्रम के प्रमुख घटक और प्रशिक्षण मॉड्यूल क्या हैं और इन मॉड्यूल को उभरते उद्यमियों, स्टार्टअप्स और प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यमों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किस प्रकार तैयार किया गया है;

(ग) तमिलनाडु और कल्लाकुरिची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के विशेष संदर्भ में, उद्यमिता संवर्धन, स्व-रोजगार सृजन और स्थानीय आर्थिक विकास पर इस कार्यक्रम का प्रभाव क्या है;

(घ) लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मार्गदर्शन सहायता और वित्तीय संपर्कों तक पहुँच में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और

(ङ) उन्नत ई-एसडीपी की सफलता और स्थिरता की निगरानी, मूल्यांकन और दीर्घकालिक आकलन के लिए किस तंत्र को अपनाया गया है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : उन्नत ई-एसडीपी के लिए तमिलनाडु राज्य सहित, देश भर में प्रशिक्षण संस्थानों (क्रियान्वयन एजेंसियों), संचालित कार्यक्रमों और प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वर्ष 2022-23 से देश में संचालित उन्नत ई-एसडीपी कार्यक्रम की स्थिति:

क्र० सं०	वित्त वर्ष	प्रशिक्षण संस्थानों (क्रियान्वयन एजेंसियों) की संख्या	संचालित कार्यक्रमों की संख्या	प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या
1.	2022-23	17	66	1563
2.	2023-24	28	127	3046
3.	2024-25	51	75	1738

वर्ष 2022-23 से तमिलनाडु राज्य में संचालित उन्नत ई-एसडीपी कार्यक्रम की स्थिति:

क्र. सं.	वित्त वर्ष	प्रशिक्षण संस्थानों (क्रियान्वयन एजेंसियों) की संख्या	ए-ईएसडीपी	
			संचालित कार्यक्रमों की संख्या	प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या
1.	2022-23	शून्य	शून्य	शून्य
2.	2023-24	1	1	20
3.	2024-25	2	2	55

कल्लाकुरिची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कोई उन्नत ई-एसडीपी कार्यक्रम संचालित नहीं किया गया है।

(ख) और (ग) : उन्नत उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ए-ईएसडीपी) का उद्देश्य उन्नत उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि आईआईएम, आईआईटी, आईसीएआर, सीएसआईआर और एनआईटी आदि जैसे शीर्ष संस्थानों और प्रयोगशालाओं द्वारा ई-कॉमर्स, सॉफ्टवेयर, बायोटेक्नोलॉजी, आधुनिक कृषि और पशुपालन, खाद्य और खाद्य-प्रसंस्करण आदि जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक, डोमेन-विशिष्ट क्षमता निर्माण के माध्यम से उद्यमियों की सहायता की जा सके।

अभी तक, वर्ष 2022-23 से तमिलनाडु राज्य में तीन उन्नत ई-एसडीपी कार्यक्रम संचालित किए गए हैं, जिनसे 75 प्रतिभागियों को लाभ प्राप्त हुआ है। ईएसडीपी स्कीम के इन कार्यक्रमों से उद्यमिता बढ़ाने, स्व-रोजगार सृजित करने, और आर्थिक विकास को गति देने में सहायता मिली है। इन कार्यक्रमों से तमिलनाडु में लाभार्थियों को बेहतर तकनीकी और व्यापार कौशल का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे उनके द्वारा उद्यम को शुरू करने और उसे चलाने में उनकी तैयारी में सुधार हुआ है।

(घ) और (ड) : कार्यक्रम का उद्देश्य, नए एमएसएमई की स्थापना में सहायता प्रदान करना और मौजूदा एमएसएमई की प्रगति को प्रोत्साहित करना है जिससे उनकी उत्पादकता में वर्धन और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा सके। संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों (आईआईएम/आईआईटी/आईसीएआर/सीएसआईआर/एनआईटी) को ए-ईएसडीपी लाभार्थियों के लिए उद्यम पंजीकरण में सुविधा प्रदान करने का कार्य भी सौंपा गया है।

ईएसडीपी प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल के माध्यम से एक सुदृढ़ निगरानी और मूल्यांकन तंत्र स्थापित किया गया है, जिसमें एक संरचित फीडबैक सिस्टम भी शामिल है जो प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता और प्रभावकारिता पर इनपुट प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से स्कीम का मूल्यांकन अध्ययन भी संचालित किया जाता है ताकि ईएसडीपी स्कीम के प्रभाव का आकलन किया जा सके और स्कीम के डिजाइन और क्रियान्वयन में सुधार के लिए सिफारिश भी की जा सके।

*****